# एकेटीयू तैयार करेगा स्टार्टअप-इनोवेटर

लखनऊ, संवाददाता। एकेटीयू ने संबद्ध सभी कॉलेजों और संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर खोलने की तैयारी कर ली है। जिससे हर कॉलेज और संस्थान से स्टार्टअप और इनोवेटर्स निकल सकें। इस योजना को सही से लागू करने के लिए प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा की अध्यक्षता में 9 अगस्त को विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के प्रतिनिधियों की एक बैठक होगी।

एकेटीयू से पूरे प्रदेश में तकनीकी संस्थान संबद्ध हैं। जहां इंजीनियरिंग, फॉर्मेसी व आर्किटेक्चर सहित अन्य पाठ्यक्रमों की पढ़ाई होती है। हर साल लाखों की संख्या में छात्र निकलते हैं।



**50** जिलों के संबद्ध संस्थानों में इनक्युबेशन सेंटर खोलने की तैयारी

**22** संस्थानों में अभी संचालित हो रहे हैं इन्क्युबेशन सेंटर

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि संबद्ध कॉलेजों और संस्थानों के जरिए उद्यमिता और नवाचार का माहौल विकसित करने के लिए इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की पहल की जा रही है। अभी तक विश्वविद्यालय के 22 संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित हैं। जहां छात्र नवाचार और उद्यमिता के जरिए आत्मनिर्भर बन रहे हैं। जिन जिलों के संस्थानों में सेंटर नहीं हैं, वहां स्थापित करने पर जोर है। 9 अगस्त को प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा की अध्यक्षता में प्रतिनिधियों के साथ सेंटर स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इनोवेशन संस्थानों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, लैब स्थापना, कैपिसिटी बिल्डिंग में सहयोग करेगा।

**इन जिलों में सेंटर नहीं :** एकेटीयू के पीआरओ डॉ. पवन त्रिपाठी ने बताया कि अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बलिया, बस्ती, बुलन्दशहर, एटा, चित्रकूट, इटावा, फैजाबाद, गोंडा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, हापुड़, जौनपुर, जालौन, कौशांबी, कासगंज, कुशीनगर, खीरी, ललितपुर, महोबा, महाराजगंज, मऊ, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, संत कबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, उन्नाव में इन्क्युबेशन सेंटर नहीं हैं।